आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 22.05.2026 **समय : 02.10PM**

प्रधानमंत्री-मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। साइप्रस के राष्ट्रपति चार दिन की भारत यात्रा पर हैं और यह उनकी पहली भारत यात्रा है। आज शाम वे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगे।

अमित शाह- सीमा सुरक्षा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा को सबकी साझा जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए। आज नई दिल्ली में बीएसएफ के अलंकरण समारोह में उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद बल ने देश का गौरव बनाए रखा है।

आईबीसीए प्री-समिट

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आज भोपाल में इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस का प्री-समिट इवेंट हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। इस आयोजन में बिग कैट और जैव विविधता संरक्षण पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। भारत में चीता पुनर्स्थापन अभियान पर भी विशेष प्रस्तुति दी गई। साथ ही 'इंडियाज बायोडायवर्सिटी रिपोर्ट 2026' सहित कई प्रकाशनों और डिजिटल पहलों का विमोचन भी हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा-

भोजशाला

धार की भोजशाला में आज शुक्रवार यानी जुम्मे के दिन हिंदू समुदाय ने पूजा-अर्चना की। हाईकोर्ट ने 15 मई को भोजशाला को वाग्देवी मंदिर करार दिया था, जिसके बाद शुक्रवार की नमाज पर रोक लग गई है। दोपहर 1 बजे गर्भगृह में महाआरती हुई और फूलों से सजे परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मुस्लिम पक्ष ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

ट्विशा शर्मा-सीबीआई जांच

भोपाल में 12 मई को हुई ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत की जांच अब सीबीआई करेगी। प्रदेश सरकार के गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। कटारा हिल्स थाने में दर्ज दहेज मृत्यु के इस मामले को सीबीआई को सौंपा गया है। राज्य सरकार ने सीबीआई को पूरे प्रदेश में जांच के अधिकार भी दे दिए हैं।

सिंधिया -अशोकनगर

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज प्रदेश के दौरे पर हैं। वे रात में 8 बजे अशोकनगर पहुंचेंगे। श्री सिंधिया वहां जैन तीर्थ थूबोन में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं कल सुबह श्री सिंधिया नक्षत्र वाटिका शिवपुरी में कार्यक्रम के बाद गुना के लिए रवाना होंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज से 24 मई तक प्रदेश के सात जिलों के दौरे पर हैं। वे गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर ग्रामीण, निवाड़ी, छतरपुर और सतना में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।

कर्मचारी चयन मण्डल- सुझाव

मध्यप्रदेश सरकार कर्मचारी चयन मण्डल की भर्ती परीक्षाओं के लिए नए नियम लागू करने जा रही है। इसके लिए आमजन से सुझाव मांगे गए हैं। प्रस्तावित "कनिष्ठ सेवा संयुक्त परीक्षा नियम 2026" का मसौदा gad.mp.gov.in पर उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति, संस्था या हितधारक 5 जून 2026 तक अपने सुझाव sogad1@mp.gov.in पर ई-मेल कर सकता है।

अंडर-18 एशिया कप

जापान में होने वाले अंडर-18 एशिया कप के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के 6 खिलाड़ियों को जगह मिली है। इनमें गोलकीपर आयुष रजक, डिफेंडर अंश बहुत्रा और करण गौतम, मिडफील्डर अवि माणिकपुरी और फॉरवर्ड सिद्धार्थ बेन और गाजी खान शामिल हैं।

मौसम

प्रदेश में नौतपा से पहले ही गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। कई शहरों में पारा 38 से 40 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज 41 जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना और सतना में तीव्र लू का रेड अलर्ट है, जहां तापमान 46 डिग्री पार कर सकता है। 25 मई से नौतपा शुरू होगा और उसके बाद गर्मी और भी बढ़ने की आशंका है।

संक्षिप्त समाचार

- नीमच जिले में जनभागीदारी सप्ताह एवं गरिमा उत्सव के तहत ग्राम पंचायत परलाई के ग्राम कानोड़ में 15 उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किए गए।
- शिवपुरी जिले में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया।
- आगरमालवा के श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर के प्राचीन कमलकुंड से 7 कछुओं को कल वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित जलाशय में छोड़ा गया।
- आईपीएल में कल रात अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रनों से करारी शिकस्त दी।